# मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर

(अस्थाई कार्यालय डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज परिसर, जोधपुर)

*email: osd.mmujodh@rajasthan.gov.in* *Phone :0291-2987900*


क्रमांकः—एफ ()/ MMU/जो/संस्था/2025/ 2531 दिनांकः— 05-8-25

## कार्यालय ओदश

मारवाड़ मेडिकल विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा सत्र 2025—26 के लिए नवीन संबद्धता हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 11.08.2025 कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंत चिकित्सा परिषद (DCI) द्वारा निर्गत LOP के उपरांत राजकीय डेंटल कॉलेज, जोधपुर को विश्वविद्यालय से संबद्धता हेतु आवेदन करने की अनुमति प्रदान की जाती है तथा इस महाविद्यालय के लिए भी पोर्टल 11.08.2025 तक खुला रहेगा।

उक्त संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि चाहे वे पूर्व में किसी अन्य विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे हों अथवा पूर्ववर्ती सत्रों में माननीय उच्च न्यायालय, राजस्थान के आदेशानुसार प्रवेश ले चुके हों, उन्हें भी सत्र 2025—26 हेतु इस विश्वविद्यालय के संबध्दता पोर्टल पर Fresh Affiliation हेतु निर्धारित संबंध्दता शुल्क(नवीन संबंध्दता शुल्क + वार्षिक/प्रोविजनल संबध्दता शुल्क + विलम्ब शुल्क एवं पेनल्टी) के रूप में आवेदन करना होगा। राजस्थान नर्सिंग परिषद (Rajasthan Nursing Council) द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) की अंतिम जमा तिथि 18.08.2025 तक बढ़ाई जाती है।

यदि किसी नर्सिंग महाविद्यालय द्वारा Fresh Affiliation शुल्क पूर्व में इस विश्वविद्यालय को जमा किया जा चुका है, तो उसकी वापसी माननीय उच्च न्यायालय, राजस्थान में लंबित प्रकरणों के निर्णय के अधीन रहेगी।

यह आदेश विश्वविद्यालय की सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

**कुलसचिव**

क्रमांकः—एफ ()/ MMU/जो/संस्था/2025/ 2532-35 दिनांकः— 05-8-25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मारवाड़ चिकित्सा विषविद्यालय, जोधपुर।
2. श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग(ग्रुप—1), राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. प्रभारी, आई टी सैल, मारवाड़ चिकित्सा विश्वविद्यालय, जोधपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करावें।
4. रक्षित पत्रावली।

**कुलसचिव**